# जीवाजी विश्वविद्यालय

क्रमांक: जीवी/परीक्षा-2/गोपनीय/2025/2438 दिनांक: २८-०४-२०२५

प्रति,

(1) प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त अग्रणी महाविद्यालय
जिला - ग्वालियर, भिंड, दतिया, श्योपुर, शिवपुरी, अशोकनागर, गुना

(2) प्राचार्य/प्राचार्या
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मुरेना (म.प्र.)

महोदय,

स्नातक प्रथम वर्ष मुख्य परीक्षा मार्च 2025 में जिले के अग्रणी महाविद्यालयों एवं मुरैना जिले में स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुरैना के अधीन कुछ अशासकीय महाविद्यालयों एवं शासकीय विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। अग्रणी महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुरैना के प्राचार्य को निर्देशित किया जाता है कि वह उनके अधीन बनाए गए सभी परीक्षा केंद्रों पर केंद्राध्यक्षों को नियुक्त कर परीक्षा का सुचारू संचालन सुनिश्चित करें। परीक्षा केन्द्रों पर केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति की सूचना विश्वविद्यालय को अनिवार्य रूप से दें।

शासकीय स्कूलों में स्कूल के शिक्षक ही वीक्षण कार्य करेंगे। इस संबंध में संबंधित जिले के अग्रणी महाविद्यालय तथा मुरैना जिले में स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुरैना के प्राचार्य जिला शिक्षा अधिकारी से संपर्क कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

सोमवार दिनांक 28 अप्रैल 2025 से परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्रों को पहुंचाया जाएगा । अतः सभी संबंधित जिलों के अग्रणी महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुरैना के प्राचार्य उनके अधीन बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर केंद्राध्यक्ष अथवा सहायक केंद्राध्यक्ष की नियुक्ति कर प्रश्न पत्रों को प्राप्त किया जाना एवं सुरक्षित रखा जाना सुनिश्चित करें ।

परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य में इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर संपन्न करें।

**कुलसचिव**

प्रतिलिपि :-

1. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग कार्यालय ग्वालियर चंबल संभाग, ग्वालियर
2. माननीय कुलगुरु के सचिव जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
3. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

**परीक्षा नियंत्रक**